सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-234
07/05/2018

मुख्यमंत्री ने तीसरी बार ली बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में शपथ

पटना, 07 मई 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार विधान परिषद के उप भवन सभागार में बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ ली।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी सहित विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचित सभी 11 सदस्यों में से 10 सदस्यों ने आज शपथ ली। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी ने लगातार तीसरी बार विधान परिषद की सदस्यता ग्रहण की। उप सभापति श्री हारुन राशिद ने सभी सदस्यों को पद की शपथ दिलायी।

शपथ लेने वालों में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी के अलावा श्री संजय पासवान, श्री रामचंद्र पूर्वे, श्री प्रेमचंद्र मिश्रा, श्री सैयद खुर्शीद मोहसिन, श्री रामेश्वर महतो, श्री खालिद अनवर एवं श्री संतोष कुमार सुमन शामिल हैं। निर्विरोध निर्वाचित 11 सदस्यों में श्री मंगल पाण्डेय इस शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित नहीं थे।

विधान परिषद सदस्य के रूप में तीसरी बार पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री को मंत्रिपरिषद के सदस्यों, विधानमंडल सदस्यों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंटकर उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्रिपरिषद के सदस्यगण, विधानसभा में विपक्ष के नेता श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व सभापति बिहार विधान परिषद श्री अवधेश नारायण सिंह सहित विधान परिषद के सदस्यगण, विधानसभा के सदस्यगण सहित राजनीतिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में तीसरी बार पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार 7 सर्कुलर रोड स्थित अपने आवास पहुॅचे, जहॉ बड़ी संख्या में जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया एवं उन्हें बधाई दीं।

******